Title: Need to introduce a train between Basjalia and Rajkot in Gujarat - Laid.

श्री जी0जे0 जावीया (पोरबंदर): महोदय, मेरे मतक्षेत्र के एक पिछड़े हुए विभाग से करीब 600 गरीब लोग धंधा रोजगार के लिए राजकोट तक अंते जाते हैं। कोई कच्चा माल लाने के लिए कोई पक्का माल बेचने के लिए अंते जाते हैं और इस प्रकार 600-700 परिवार गुजारा चलाते हैं।

मुश्किल यह है कि इनकी ज्यादातर कमाई बस के किराये में चली जाती है। स्टेट ट्रांसपोर्ट और प्राईवेट ट्रेवल्स बसों का किराया इतना ज्यादा है कि ये गरीब लोग नहीं उठा सकते।

यदि यहां एक छोटी सी ट्रेन, जो सुबह 6 बजे बांसजालिया से चले और 11 बजे राजकोट पहुंचे और शाम को राजकोट से वापस आ जाए तो इन गरीब पछेरी वालों को काफी राहतें मिलेंगी।

वहां मीटर गेज लाईन है, बाकि वहां सारी सुविधा है। पांच डिब्बे की एक छोटी सी ट्रेन आसानी से चल सकती है। रेलवे का कोई ज्यादा खर्च भी नहीं आएगा। रोजगार भी कम होते जा रहे हैं।

अतः रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि बासंजालिया तथा राजकोट के बीच रेल सेवा पुन शीघ्र शुरू की जाये।